## 19 उम्मीदवारों का भाग्य ईवीएम में कैद

# लोकतंत्र के महायज्ञ में करीब 60 फीसदी लोगों ने दी वोटों की आहुति

**जबलपुर। 18वीं लोकसभा के गठन के लिये शुक्रवार को यहां लोकतंत्र के सबसे बड़े महायज्ञ में मतदाताओं ने वोटों की आहुतियां डालकर जबलपुर संसदीय क्षेत्र से भाग्य आजमा रहे 19 उम्मीदवारों का राजनैतिक भविष्य ईवीएम (इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन) में कैद कर दिया। आगामी 4 जून को इन मशीनों से जिले के नये सांसद निकलकर बाहर आएंगे। शुक्रवार को सुबह से ही मतदान शुरू हो गया था। शुरुआत के पहले दो घंटे में 13.5 फीसदी मतदान हुआ, 11 बजे तक 27.41 फीसदी लोग वोट डाल चुपे थे। दोपहर 1 बजे 39.63 फीसदी वोट पड़े, और दोपहर 3 बजे तक 48.3 प्रतिशत मतदाता मतदान कर चुके थे।**

वहीं शाम 5 बजे तक 56.74 फीसदी मतदान हो चुका था, आखिरी के बचे एक घंटे में फिर तेजी से मतदान हुआ। जबलपुर में इस बार 59.95 प्रतिशत मतदान हुआ। वहीं मतदान करने में शहर के मुकाबले ग्रामीण क्षेत्र की विधानसभा सिहोरा सबसे आगे रही, जहां 65 फीसदी मतदान हुआ। गौरतलब है कि पिछली बार 2019 के लोक सभा चुनाव में 69.37 प्रतिशत मतदान हुआ था।

### धीमे गति से चला मतदान

शुरूआती दौर में मतदान की गति तेज रही। लेकिन जैसे-जैसे धूप तेज होती गई, वैसे-वैसे मतदान की रफ्तार कम हो गई। दोपहर बाद आखिरी के एक घंटे में फिर तेजी से मतदान हुआ। मतदान करने के लिये युवाओं के साथ-साथ बुजुर्गों, निशक्तों में भी उत्साह देखा गया। जबलपुर संसदीय क्षेत्र में 59.95 फीसदी मतदान हुआ। ग्रामीण क्षेत्रों में भी मतदाताओं ने उत्साह के साथ मताधिकार का प्रयोग किया। जिले में छुटपुट झड़पों और मतदान के बहिष्कार की घटनाओं को छोड़कर मतदान आमतौर पर शांतिपूर्वक हुआ। जिले से कहीं कोई अप्रिय समाचार नहीं मिला। युवा मतदाताओं ने खासा उत्साह दिखाया। सभी मतदान केन्द्रों में सुरक्षा के कड़े इंतजाम थे।

### सुरक्षा के कड़े इंतजाम

मतदान के दौरान जिले भर में सुरक्षा के कड़े इंतजाम रहे। सभी मतदान केन्द्रों पर बाहर के साथ-साथ स्थानीय पुलिस बल भी तैनात रहा। अति संवेदनशील मतदान केन्द्रों पर रैपिड एक्शन फोर्स के सशस्त्र जवान तैनात किये गये। संगीनों के साये में संवेदनशील मतदान केन्दों पर वोटिंग हुई। वहीं पुलिस के वाहन लगातार पेट्रोलिंग भी करते रहे। पुलिस के हर वाहन में लाऊडस्पीकर लगा हुआ था। जहां कहीं भी भीड़ हुई, पुलिस ने एनाउंस करके भीड़ को तितर बितर किया।

### क्रिटिकल एवं वल्नरेवल केंद्रो की कैमरे से निगरानी

जिले के क्रिटिकल एवं वल्नरेवल मतदानों की निगरानी सीसीटीव्ही कैमरों से निर्वाचन कार्यालय में बनाये गये कंट्रोल रुम से की जा रही थी। यहां चुनाव आयोग की प्रयवेक्षक निगाह रखे हुये थे। वहीं जिला कलेक्टर दीपक





सक्सेना, पुलिस अधीक्षक आदित्य प्रताप सिंह, संभागायुक्त अभय वर्मा, आईजी अनिल कुशवाहा और डीआईजी टीके विद्यार्थी शहर भ्रमण पर निकले। पुलिस ने यहां रेपिड एक्शन फोर्स के साथ-साथ पैरा मिलिट्री फोर्स के जवान भी तैनात कर रखे थे। क्षेत्र में लगातार पुलिस पार्टियां पेट्रोलिंग करती रहीं।

### कई जगह हुई झड़पें

पुलिस की चाक चौबंद व्यवस्था के बावजूद कई मतदान केन्द्रों में राजनैतिक दलों के कार्यकर्ताओं के जमावड़े को लेकर छुटपुट गहमा गहमी हुई, जिसे आपस में ही सुलझा लिया गया। अधिकांश शिकायतें मतदान केंद्रों के पास चुनाव प्रचार करने को लेकर थी।

### पर्चिया नहीं बंटने से मतदाता परेशान

जिला प्रशासन की ओर से बीएलओ के माध्यम से घर-घर क्यूआर कोड वाली पर्चिंया वितरित कराई गई थी, लेकिन ऐसी कई तंग गलियां थी जहां न तो राजनीतिक दलों की पर्चिया पहुंची और न ही बीएलओ की पर्चिंया पहुंची, जिससे मतदाता परेशान हुए। हालांकि मतदान केन्द्रों के पास बीएलओ की तैनाती रही जिससे लोगों को तत्काल से हाथ से बनी पर्चिंया बना कर दी गई, तब जाकर लोग मतदान कर सके। कुछ लोगों ने इस झंझटों में पड़ने के बजाय मतदान ही नहीं दिया।

### कई जगह ईवीएम में खराबी से लेट हुआ मतदान

लोकसभा सीट के लिए सुबह सात बजे से मतदान शुरु हुआ। रसल चौक स्थित आर्य कन्या शाला व लाला लाजपत राय वार्ड में ईवीएम में खराबी के कारण सुबह 10 से 15 मिनट तक मतदान प्रभावित रहा। ऐसे ही ग्रामीण क्षेत्रों भी एक दो जगह ईवीएम में खराबी होने के कारण मतदान प्रक्रिया प्रारंभ होने में कुछ देर हुई। प्रशासन की व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त थी रिजर्व में रखी गई ईवीएम मशीनें तत्काल में बदल दी गई। ऐसा कहा जा रहा था कि गर्मी की जगह मशीनों में ज्यादा दिक्कतें आयेंगी। वार्ड नंबर 71 के अंधुआ में ईवीएम मशीन खराब होने की जानकारी सामने आई।

### फर्जी मतदान का युग समाप्त

निर्वाचन आयोग द्वारा निष्पक्ष मतदान कराये जाने के लिए जितने कदम उठाये जा रहे हैं, उनमें एक कदम फर्जी मतदान रोकने के लिये भी उठाया गया है। इसके लिये निर्वाचन आयोग ने फोटोयुक्त मतदाता सूची इस बार तैयार कराई है और बीएलओ के माध्यम से फोटोयुक्त मतदाता पर्ची भी घर-घर पहुंचाई है। अब मतदाता सूची में आपकी फोटो के साथ नाम है तो ही आप मतदान कर पायेंगे, अन्यथा नहीं। मतदाता पर्ची के साथ आईडी प्रुफ की अनिवार्यता तो नहीं लेकिन फर्जी मतदान रोकने के लिये अधिकांश मतदाताओं से आईडी प्रूफ भी मांगे गये हैं, लिहाजा इस बार फर्जी मतदान के सारे रास्ते बंद हो गये थे और फर्जी मतदान को लेकर होने वाली झड़पें भी नहीं हुईं।

### नेत्रहीन और निशक्तों ने भी किया मतदान

चुनाव में नेत्रहीन और निशक्तजन भी मतदान करने में पीछे नहीं रहे। लोकतंत्र के महायज्ञ में उन्होंने भी मतदान की आहुति डाली। पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में श्रीमती शकिया बाई ने कांपते हाथों और लंगड़ाते पैरों से पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। वहीं एक विकलांग युवक अपनी ट्रायसिकिल लेकर मतदान केन्द्र के अंदर तक वोट डालने पहुंचे।

### प्रत्याशियों ने खुद को डाला अपना वोट

भाजपा प्रत्याशी आशीष दुबे ने अपनी परिवार के साथ एमएलबी स्कूल में मतदान किया, वही कांग्रेस प्रत्याशी दिनेश यादव ने दीक्षितपुरा मतदान केंद्र में सपरिवार मतदान किया। लोकनिर्माण मंत्री राकेश सिंह ने सांईस कॉलेज में बने मतदान केन्द्र में अपनी पत्नी माला सिंह और भाई लेखराज सिंह के साथ जाकर वोट डाला। इसी तरह अन्य प्रतिनिधियों में राज्यसभा सदस्य सुमित्रा वाल्मीक ने एलएन स्कूल रांझी में, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने बेलासिंह स्कूल में, विधायक अशोक रोहाणी ने सांईस कॉलेज में और विधायक अभिलाष पांडे ने हितकारिणी स्कूल सूपाताल में अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

हालांकि मतदान दल समय न गंवाते हुए तत्काल एक्टिव हो गया। जिसके बाद मतदान तो शुरु हो गया लेकिन इसमें करीब आधा घंटे का विलंब हो गया। मतदान जहां 7 बजे शुरु होना था तो 7 बजकर 27 मिनट पर वोटिंग शुरु हुई। यहां मशीन बंद होने के कारण महिलाएं भड़क गईं। कुछ जागरुक लोगों ने इन महिलाओं के मतदान केंद्रों के बाहर वीडियो भी बनाए।

# दीक्षितपुरा में भिड़े कांग्रेस-भाजपा कार्यकर्ता

**जबलपुर।** पूरे दिन मतदान शांतिपूर्ण चला कहीं से किसी बड़े विवाद की खबर नहीं आई। लेकिन मतदान समाप्ति के करीब था और दीक्षित पुरा पांडे चौक स्थित डिसिलवा स्कूल में कांग्रेस और भाजपा के कार्यकर्ता आपस में उलझ गये। मामूली कहा सुनी से शुरु हुआ विवाद झड़प में तब्दील हो गया और दो पक्षीय मारपीट तक पहुंच गया। घटना की जानकारी लगते ही जहां एक तरफ कांग्रेस भाजपा के बड़े नेता मौके पर पहुंचे तो वहीं दूसरी तरफ प्रशासनिक अधिकारियों और पुलिस के जवानों ने मोर्चा संभाल लिया। किसी तरह दोनों पक्षों को समझा कर विवाद खत्म कराया गया। दोनों पक्षों ने पुलिस को शिकायत दी है, मामले की जांच की जा रही है। स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है।

बताया जा रहा है भारतीय जनता पार्टी के दीनदयाल मंडल अध्यक्ष अभिषेक तिवारी उर्फ नीतू डिसिल्वा स्कूल के मतदान केन्द्र में पहुंचकर वोट परसेंटेंज की कापी एकत्र कर रहे थे। जिसपर वहां बैठे कांग्रेस प्रत्याशी के अभिकर्ता ने सवाल उठाया कि किस अधिकार से आप केन्द्र में आए हैं। जिसके बाद अधिकारियों ने अभिषेक तिवारी को बाहर जाने को कहा। अभिषेक बाहर था,



मतदान समाप्ति के बाद जब उक्त अभिकर्ता बाहर आया तो दोनों की बहस शुरु हो गई। बहस मारपीट में तब्दील हो गई। जिसके बाद बड़ी संख्या में कांग्रेस भाजपा कार्यकर्ता एकत्रित हो गये और हाथापाई शुरु हो गई। मौके पर दोनों पार्टियों के वरिष्ठ नेता पहुंचे, साथ ही भारी संख्या में पुलिस बल मौके पर पहुंचा। दोनों पक्षों को समझा कर स्थिति को नियंत्रण में लिया गया। फिलहाल क्षेत्र में तनावपूर्ण शांति बनी हुई। दोनों पक्षों ने पुलिस को शिकायत दी है, मामले की जांच की जा रही है।

## पीठासीन अधिकारी निलंबित

### मतदान केंद्र के अंदर के फोटो वायरल करना पड़ा भारी

**जबलपुर।** लोकसभा चुनाव के प्रथम चरण के मतदान के बीच चुनावी ड्यूटी में तैनात पीठासीन अधिकारी को मतदान केंद्र के अंदर के फोटो शेयर करना भारी पड़ गया। जिसके चलते जिला निर्वाचन अधिकारी ने उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। दरअसल, मतदान केन्द्र क्रमांक 173 पर तैनात पीठासीन अधिकारी रतन कुमार ने मतदान केन्द्र के अंदर के फोटो खिंचवाकर अपने मोबाइल नम्बर से किसी वाट्सएप ग्रुप में पोस्ट किए थे। मामले में अधिकारियों को शिकायत मिलने पर जांच करवाई गई। जिसके बाद सेक्टर अधिकारी हेमंत अमहिया द्वारा मोबाइल फोन जब्त कर जांच की जो शिकायत सही पाई गई।

### वर्जित है मोबाइल का उपयोग

बता दें कि मतदान केंद्र में मोबाइल फोन का उपयोग वर्जित है। नियम का उल्लंघन करने पर पीठासीन अधिकारी को निलंबित कर मतदान अधिकारी क्रमांक -1 को पीठासीन अधिकारी का दायित्व सौंपा गया है।



## कलेक्टर और एसपी ने किया मतदान केंद्रों का निरीक्षण

**जबलपुर।**

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक सक्सेना तथा पुलिस अधीक्षक आदित्य प्रताप सिंह ने आज सुबह से ही मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर रहे हैं। निरीक्षण क्रम में भानतलैया तथा ठक्कर ग्राम के मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

### मतदान कर निगमायुक्त ने लिया व्यवस्थाओं का जायजा

निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव मतदान करने आज सुबह सर्वप्रथम गौरीघाट स्थित ललपुर मतदान केंद्र पर पहुंची और नियमानुसार लाइन में लगकर अपने मताधिकार का प्रयोग कर एक साथ कई अनुशासन, सुशासन और वोट के महत्व का संदेश दिया।मतदान करने के बाद निग्मायुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने वहां की व्यवस्थाओं का जायजा भी लिया। उन्होंने एक एक मतदताओं से चर्चा की और उन्हें वहां उनके लिए कराई गई सुविधाओं की जानकारी दी। उल्लेखनीय है कि इस बार निग्मायुक्त श्रीमती प्रीति यादव के द्वारा महिला और पुरुष मतदाता के साथ साथ दिव्यांग मतदाताओं के लिए विशेष व्यवस्थाएं करवाई गई है। रैंप, व्हील चेयर, पेयजल, शेड साफ सफाई, लाइट, साज सज्जा आदि के अलावा अधिक से अधिक मतदान हो उसके लिए प्रचार प्रसार भी करवाये गए हैं।

# लोकतंत्र को मजबूत बनाने मतदाताओं ने दिखाया उत्साह

## आकर्षण का केंद्र बने पिंक बूथ, इंतजामों की सराहना

**जबलपुर।**

लोकतंत्र को मजबूती देने मतदाताओं ने अभूतपूर्व उत्साह दिखाया। जबलपुर संसदीय क्षेत्र में शुक्रवार को हुए मतदान में हर वर्ग और उम्र के मतदाताओं ने भाग लिया और अपने मताधिकार का प्रयोग किया। लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत मतदाताओं को प्रेरित करने नगर निगम जबलपुर द्वारा व्यापक व्यवस्थाएं की गई। महिला मतदाताओं की अधिकता वाले मतदान केंद्रों को पिंक बूथ का स्वरूप देने के साथ ही यहां महिलाओं के लिए सेल्फी पॉइन्ट भी बनाया गया जो आकर्षण के केंद्र बने। नगर निगम आयुक्त श्रीमति प्रीति यादव के निर्देश पर अपर आयुक्त मतदान केंद्रों में शीतल छाया की व्यवस्था की गई ताकि गर्मी के इस मौसम में मतदाताओं के

शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय के प्राध्यापक के संयोजन में छात्र-छात्राओं ने आकर्षक रंगोली सजाई जिसकी सभी के द्वारा सराहना की गई। मतदाताओं के लिए शुद्ध और शीतल पेयजल की भी व्यवस्था की गई। उपरोक्त सभी व्यवस्थाओं का निरीक्षण करने शुक्रवार की सुबह से ही जिले के कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन दीपक सक्सेना, पुलिस अधीक्षक आदित्य प्रताप सिंह, निगमायुक्त श्रीमति प्रीति यादव, सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण पहुंचे और मतदाताओं के लिए मतदान केन्द्रों पर उपलब्ध कराई गयी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस मौके पर मतदान दल के अधिकारियों कर्मचारियों से भी जानकारी ली गयी, इसके साथ ही प्रशासन की व्यवस्था पर आम मतदाताओं से भी राय ली, जिस पर सभी ने विचार व्यक्त करते हुए प्रशासन की व्यवस्थाओं की सराहना की।

### सेल्फी पॉइन्ट में बारी-बारी से ली सेल्फी

नगर निगम द्वारा तैयार कराए गए पिंक बूथ की साजसज्जा ने जहां मतदाताओं को प्रभावित किया वहीं यहां बनाये गए सेल्फी पॉइन्ट को लेकर महिलाओं और युवतियों का उत्साह देखते ही बन रहा था। मतदान के बाद महिलाओं और युवतियों ने सेल्फी पॉइन्ट पर पहुंचकर जमकर सेल्फी ली। पिंक बूथों पर सेल्फी लेने ऐसी होड़ लगी कि महिला मतदाताओं ने बारी बारी





से अपनी सेल्फी ली और मतदान के पलों को हमेशा के लिए यादगार बना लिया।

### रंगोली ने कराया त्यौहार का जैसा अनुभव

मतदान केंद्रों में बनाई गई एक से बढ़कर एक आकर्षक और सुंदर रंगोली ने हर मतदाता का मन मोह लिया। पिंक बूथों के साथ ही अन्य केंद्रों में बनाई गई रंगोली को मतदाता काफी देर तक निहारते रहे। कलात्मक और आकर्षक रंगोली ने मतदाताओं को त्यौहार का अनुभव कराया। उल्लेखनीय है कि प्रशासन द्वारा दिव्यांग मतदाताओं के लिए शहर के विभिन्न क्षेत्रों में सुगम्य मतदान केन्द्रों का निर्माण जहाँ पर उनके लिए रैम्प, व्हील चेयर, ब्रेल लिपि के साहित्य एवं सामग्री के साथ-साथ अन्य सभी प्रकार की सुविधाएं उनके हिसाब से उपलब्ध कराई गयी थी। यहाँ पर मतदान करने वाले और मतदान कराने वाले भी दिव्यांगजन ही थे और सभी उत्साह के साथ इस महापर्व में भाग लेकर एक मजबूत लोकतंत्र की स्थापना के लिए अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। इस मौके पर डॉ. रामनरेश पटैल आदि ने भी मौके पर पहुंचकर दिव्यांगजनों का मार्गदर्शन दिया।

### विदेशी भी पहुंचे मतदान प्रक्रिया को देखने

कनाडा से आए लायल और एसी ने एमएलबी स्कूल में बने मतदान केंद्र में देखी मतदान प्रक्रिया निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान को देखकर जताई खुशी कहा भारत का लोकतंत्र सबसे मजबूत लोकतंत्र है।

- सुबह से लगी लम्बी कतारें, शाम को धीमी गति
- 6 पोलिंग बूथ में बदली गई ईव्हीएम

# चिलचिलाती धूप के बीच सिहोरा में बंफर बोटिंग

हरिभूमि सिहोरा।

तेज गर्मी और चिलचिलाती धूप के बीच जबलपुर लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सिहोरा विधानसभा क्षेत्र के मतदाताओं ने शाम 5 बजे तक लोकतंत्र के महायज्ञ में जिले में सर्वाधिक आहुति देकर लगभग 62 प्रतिशत मतदान का सेहरा एक बार फिर अपने नाम कर लिया। इसी तरह शाम 6 बजे तक लगभग 65 प्रतिशत मतदान की जानकारी मिली है। विदित हो सिहोरा विधानसभा क्षेत्र के 227207 मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग करने हेतु 283 मतदान केन्द्र बनाए गए थे जिनमें सुबह से ही मतदान करने लंबी -लंबी कतारें देखने को मिली।मतदाताओ ने उमंग और उत्साह के साथ मतदान कर लोकतंत्र के महायज्ञ में हिस्सा लिया। मतदान दलों के साथ -साथ इस बार मतदाताओं के लिए छाया, शुद्ध शीतल पेयजल और बैठने के लिए बेहतर इंतजाम से मतदाता खुश दिखे।

### सुबह से लगी लम्बी कतार

नगर पालिका क्षेत्र सहित ग्रामीण क्षेत्रों के मतदान केंद्रो में भीषण गर्मी से बचने के लिए लोकतंत्र के महापर्व पर मतदाता सबसे पहले वोट करने सुबह से ही मतदान करने के लिए मतदाता कतार में खड़े नजर आए। प्रातः 11 बजे तक अधिकांश मतदान केन्द्र में कमोबेश ऐसा नजारा हर जगह देखने को मिला। नगर के यशोदा भाई कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल मतदान केन्द्र क्रमांक 182 में सिहोरा तहसीलदार शशांक दुबे में अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

### दोपहर में सूने रहे मतदान केंद्र

सुबह सवेरे मतदान केदो में मतदाताओं की यहां लंबी-लंबी कटारे लगी रही वही सूर्य देव का प्रकोप बढ़ते ही मतदान केंद्र सूने पड़े रहे। दोपहर में एक-एक कर मतदाता आते रहे एवं अपने मताधिकार का प्रयोग करते रहे जिसके चलते दोपहर के बाद से मतदान की गति मंद पड़ गई।



### 6 पोलिंग बूथ में बदली ईव्हीएम

लोकसभा चुनाव में तकनीकी गडबडी के चलते पोलिंग बूथ क्रमांक 28, 83, 212, 225, 283, 239 में बेलेट यूनिट को बदला गया। बेलेट यूनिट बदलने के कारण कुछ देर के मतदान रूका रहा। वहीं पांच जगहों पर व्हीव्ही पेड को बदला गया।

### मुस्तैद रहा प्रशासन

लोकसभा चुनाव में मतदान प्रक्रिया को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए प्रशासनिक अमला ने भी चौकस निगाहें बनाए रखी जिसके चलते मतदान के दौरान किसी अप्रिय घटना नहीं हुई।



**मझौली।** मतदान के दौरान सुबह एवं शाम के वक्त अधिक से अधिक मतदाता वोट देने के लिए निकले इसमें महिलाओं ने बढ चढ़कर मतदान किया।



## 29 बॉटल अंग्रेजी शराब जब्त

**जबलपुर।** मदनमहल पुलिस और क्राईम ब्रांच की टीम ने गत शाम शिवनगर में आंगन में शराब रखकर बेच रहे एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 29 बॉटल अंग्रेजी शराब जब्त की है। मदनमहल थाना प्रभारी प्रवीण धुर्वे ने बताया कि अंडर ब्रिज के पास मदनमहल निवासी 31 वर्षीय राहुल सेन उर्फ शानू गत शाम तिवारी के मकान के सामने आंगन में शराब लाकर रखा हुआ था। मुखबिर की सूचना पर पहुंची मदनमहल पुलिस और क्राईम ब्रांच की टीम ने आरोपी राहुल सेन उर्फ शानू को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 3 कार्टूनों में रखे मैजिक मोमेनल 2 बाटल, 8 पीएम की 3 बाटल, मेकडाबल की 6 बाटल एवं दूसरे कार्टून में सिगनेचर की 3 बाटल एवं एक कार्टून में 12 बाटल बैगपाईपर शराब कुल 29 बॉटल शराब जब्त की है। जब्त की गई शराब की कीमत लगभग 14 हजार 500 रुपए बताई गई है। पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध धारा 34(1) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई कर मामला जांच में लिया है।

## मोबाईल नियम की उड़ीं खुली धज्जियां

दायरे के अंदर की तस्वीरें, वीडियो होते रहे वायरल

**जबलपुर।** मतदान केन्द्रों पर जहां सारी व्यवस्थाएं संतोष जनक नजर आईं, वहीं मोबाईल को लेकर निर्धारित की गई गाइडलाईन और दिशा निर्देशों का खुला उल्लंघन देखने को मिला। जब मतदान केन्द्र के अन्दर और सौ मीटर के दायरे में मोबाईल प्रतिबंधित था, तब मतदान केन्द्र से खींची गई फोटो वीडियो पूरे सोशल मीडिया पर कैसे वायरल होती रही, यह सवाल मतदान वाले दिन कई लोग पूछते नजर आए। एक दो वीडियो तो मतदान केन्द्र के अंदर के भी सोशल मीडिया पर देखे गये। गौरतलब है कि भारत निर्वाचन आयोग ने मतदान के दिन मतदान केंद्र के 100 मीटर के दायरे में मोबाइल फोन के इस्तेमाल को लेकर निर्देश जारी किये थे। आयोग के निर्देशानुसार मतदान के दिन मतदान केंद्र के 100 मीटर के दायरे में केवल निर्वाचन कार्य हेतु नियुक्त किये गये शासकीय सेवक ही मोबाइल फोन के उपयोग हेतु अधिकृत होंगे। निर्वाचन आयोग ने मतदान दल के पीठासीन अधिकारी एवं दल के अन्य सदस्य को भी मतदान की सम्पूर्ण प्रक्रिया के दौरान अपने मोबाइल फोन साइलेंट मोड़ में रखने के निर्देश दिये थे। लेकिन मतदान केन्द्रों में सौ मीटर के दायरे के अंदर खड़े होकर नेताओं और युवाओं ने वीडियो बनाए, फोटो खींची और सोशल मीडिया पर पोस्ट किए। बाकायदा लाईन में लगकर फोटो खींची गई, वीडियो बनाए गये। वहीं कुछ वीडियो मतदान केन्द्र के अंदर के भी बताए जा रहे हैं। जिसके चलते बूथ पर तैनात अधिकारियों कर्मचारियों की मुस्तैदी पर भी सवाल उठे।

### सुबह तेज, दोपहर में धीमा, शाम को पकड़ी रफ्तार

*मतदान के शुरूआती दो घंटों में सुबह 7 बजे से लेकर 9 बजे तक मतदाताओं ने खासी तेजी दिखाई। मॉर्निंग वॉक पर निकले लोग वोट डालने के बाद घर पहुंचे तो वहीं आम युवा मतदाता सुबह नहा धोकर 8 बजे तक मतदान केन्द्रों में पहुंच गये थे। इसके बाद 10 बजे से शाम 4 बजे तक मतदान की रफ्तार धीमी रही। सुबह तेजी से मतदान हुआ। इसके बाद शाम 5 बजे से 6 बजे के बीच आखिरी घंटों में फिर मतदान केन्द्रों में लाईन लग गई थी। घरेलू कामकाजी महिलाओं ने काम से फुर्सत होने के बाद वोट डालने में रूचि दिखाई। सुबह 7 बजे से 10 बजे के बीच 20 फीसदी मतदान हो चुका था। 10 बजे से 2 बजे तक कुल 7 से 8 प्रतिशत वोट डल पाये थे। 3 से 5 बजे के बीच 30 फीसदी मतदान हुआ और 5 से 6 बजे के बीच फिर एक बार मतदन में तेजी आई। शाम 6 बजे तक संसदीय क्षेत्र के कुल मतदान का आंकड़ा 59.95 प्रतिशत फीसदी तक पहुंच गया।*

## शुष्क दिवस पर खेत से शराब बेचते आरोपी पकड़ा गया

**जबलपुर।** पाटन थाना अतंर्गत चौकी नुनसर में जिला दंडाधिकारी के आदेश का उल्लंघन करने वालें आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। बताया गया है कि आरोपी कलारी के सामने एक खेत में शराब बेच रहा था। जिसके कब्जे से 15 पाव देशी और 3 अध्धी अंग्रेजी शराब जब्त की है जिसकी कीमत लगभग 3 हजार रुपए बताई गई है। पाटन थाना प्रभारी नवल सिंह आर्य ने बताया कि कलारी दुकान नुनसर निवासी 48 वर्षीय लाला यादव गत दिवस नुनसर कलारी के सामने खेत में शराब रखे बेच रहा था। मुखबिर की सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी लाला यादव को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 15 पाव देशी शराब और 3 अध्धी रायल ग्रीन अंग्रेजी शराब जब्त की है। आरोपी लाला यादव द्वारा जिला दण्डाधिकारी के आदेश का उल्लंघन करना पाया जाने से आरोपी के विरूद्ध धारा 34(1) आबकारी एक्ट तथा 188 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।

## बैंकों की तरफ से स्वास्थ्य बीमा दिया जाए: मांग

### सरकारी बैंक पेंशनर्स को स्वास्थ्य सुविधा नहीं; अब तक 2.5 लाख मरे

**जबलपुर।** सार्वजनिक बैंकों के पेंशनर्स को किसी तरह की स्वास्थ्य सुरक्षा नहीं मिल रही है। पिछले 38 वर्षों में 2.5 लाख से ज्यादा बैंक पेंशनर्स जरूरी इलाज के अभाव में मर चुके हैं। आज भी 8 लाख बैंक पेंशनर्स में से मुश्किल से 1.2 लाख लोग खुद के पैसे से स्वास्थ्य बीमा कराए हुए हैं। शेष लोगों के पास कोई स्वास्थ्य सुरक्षा सुविधा नहीं है। 90% पेंशनर्स की उम्र 65 से 95 वर्ष के बीच है। बैंक पेंशनर्स की पेंशन सेवानिवृत्ति के समय के मूल वेतन पर जो बनती है वही चलती रहती है। यह क्रम 1986 से जारी है। बैंककर्मियों के वेतन हर 5 साल में संशोधित होते हैं, लेकिन वेतन रिवीजन के सापेक्ष पेंशन रिवीजन कभी नहीं हुआ। बैंक पेंशनर्स बैंकों की तरफ से स्वास्थ्य बीमा और आरबीआई की तरह पेंशन रिवीजन की मांग कर रहे हैं। बैंकों में पेंशन स्कीम आरबीआई पेंशन स्कीम की लाइन पर है। स्कीम की शर्त है कि पेंशन की सभी शर्तें आरबीआई लाइन पर होंगी, लेकिन बैंक समझौते की शर्तों का अनुपालन नहीं कर रहीं हैं। आरबीआई में पेंशन रिवाइज होने के बावजूद बैंक पेंशनर्स की पेंशन रिवाइज नहीं की जा रही है।

यह उल्लेखनीय है कि केन्द्र सरकार ने बैंकों को 24.2.2012 को कल्याण निधि स्वीकृत करते समय यह निर्देश दिया था कि कल्याण निधि से कर्मचारियों और रिटायर्ड, दोनों का स्वास्थ्य बीमा कराया जाए। बैंकों ने कर्मचारियों का बीमा कल्याण निधि से कराया, लेकिन रिटायर्ड का नहीं। यहां बताना जरूरी है कि खंडेलवाल कमेटी ने कल्याण निधि का 25% रिटायर्ड के स्वास्थ्य पर खर्च करने की व्यवस्था दी है और खंडेलवाल कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर ही सरकार ने कल्याण निधि स्वीकृत की है।

बैंक पेंशनर्स की सरकार से मांग है कि उन्हें बैंकों की तरफ से स्वास्थ्य बीमा दिया जाए एवं आरबीआई लाइन पर उनकी पेंशन रिवाइज की जाए।

**दो पक्षों में मारपीट, 5 घायल**

## प्रेम प्रसंग को लेकर कुम्हार मोहल्ला में झगड़ा

**जबलपुर।** गढा थाना अतंर्गत सिद्धनगर त्रिपुरी चौक कुम्हार मोहल्ला में प्रेम प्रसंग की बात को लेकर हुए झगड़े की बात पर दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर तलवार व गमला मटका तोड़कर हमला कर घायल कर दिया। मारपीट की इस वारदात में पांच लोग घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए मेडीकल अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

गढा थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार सिद्धनगर त्रिपुरी चौक कुम्हार मोहल्ला गढा निवासी 32 वर्षीय अनिल चक्रवर्ती की माँ अनीता का गत रात लगभग 8.30 बजे मोहल्लें की विद्याबाई चक्रवर्ती एवं मामा संतोष की पत्नी से मोहल्ले पड़ोस की बात पर विवाद हुआ था। तब अनिल अपने भाई अमित और दोस्त जित्तू के साथ मामा संतोष चक्रवर्ती से बातचीत करने गया था, तभी मामा संतोष का लड़का अभिषेक अपने रिश्तेदार अमन चक्रवर्ती और शेरा के साथ मिलकर अमित के साथ गालीगलौज कर रहा था। अनिल ने बीच बचाव किया तो तीनों मिलकर उसे गालियां देने लगे। अमन ने मामा संतोष के घर से तलवार निकालकर लाया और उस पर तलवार से हमला किया तभी अमित ने उसे पकड़ लिया, तभी शेरा और अभिषेक ने अमित को पकड़ा और अमन ने अमित के सिर व पैर पर तथा अनिल के माथे पर तलवार से हमला कर घायल कर दिया। वहीं अभिषेक और मामा संतोष को भी चोटें आ गई है।



वहीं दूसरे पक्ष त्रिपुरी चौक कुम्हार मोहल्ला गढा निवासी 45 वर्षीय संतोष चक्रवर्ती के दो बेटे और दो बेटी हैं। अमित चक्रवर्ती उसके रिश्ते में साला लगता है। अमित के भाई आशीष का उसकी बेटी शिल्पा से प्रेम प्रसंग है। गत रात लगभग 8-30 बजे अमित की मां अनीता उसकी पत्नी को शादी की बात को लेकर बुरा भला कह रही थी इसी बात को लेकर लड़ाई झगड़ा होने लगा। रात लगभग 12.10 बजे जित्तू और अमित अपने दोस्तों के साथ आया और उसके घर के पास आकर उसे एवं उसकी पत्नी के साथ गाली गलौज करने लगे, उसके लड़के अभिषेक ने गाली देने से मना किया तो अमित और जित्तू ने अभिषेक के साथ मारपीट की, अभिषेक के पिता संतोष बीच बचाव करने आया तभी अनिल चक्रवर्ती तलवार लेकर आया और गाली गलोज करते हुये आज तू नहीं बचेगा कहते हुए जित्तू ने अनिल से तलवार लेकर उसकी पीठ पर तलवार से हमलाकर दिया। अभिषेक ने जित्तू को पकड़ने की कोशिश की तो अमित और अनिल ने उसे धक्का देकर पटक दिया और जित्तू ने मारपीट कर गमले व मटके तोड़कर चोटें मार दी। पुलिस ने अनिल चक्रवर्ती की रिपोर्ट पर धारा 294, 323, 324, 506, 34 तथा संतोष चक्रवर्ती की रिपोर्ट पर धारा 294, 323, 324, 506, 336, 34 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।

## रांझी, हनुमानताल, बरेला में वारदात

चाकूबाजी, मारपीट में आधा दर्जन घायल

**जबलपुर।** शहर में छोटी-छोटी बातों पर मारपीट करने वालों व चाकूबाजी करने वालों पर पुलिस की सख्ती बेअसर दिखाई दे रही हैं। रांझी, हनुमानताल व बरेला थाना क्षेत्रों में हुई चाकूबाजी व मारपीट की घटनाओं ने पुलिस प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल खड़ा कर दिया हैं।

### कट मारने की बात पर चाकू मारा



रांझी थानांतर्गत कल रात लगभग 11:15 बजे ग्वारीघाट से दोस्त के घर मस्ताना चौक जा रहे क्रिस मलिक को लक्ष्मी मंदिर गोकलपुर के सामने मोटरसाइकिल सवार दो लोगों ने रांग साईड से कट मार दिया। क्रिस मलिक ने कट मारने की वजह पूछी तो दोनो युवक भड़क गये और गालीगलौज कर क्रिस के दोनो पैरों की जांघों में चाकू मार दिया। तभी आवाज सुनकर बीच बचाव कर रहे अंश, रुद्रांश को देख हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गये।

### साले ने जीजा को चाकू मारा

हनुमानताल थानांतर्गत पंचकुइया जोगी मोहल्ला मंसूर अहमद ने 8 माह पूर्व अपनी पत्नी को तलाक दे दिया था। इसके बाद वह पत्नी को रखना चाहता था। पत्नी रूकया बी के मायके वालों को यह पसंद नहीं था। कल मंसूर ने अपनी बेटी को खिलाने पूर्व पत्नी रूकैया को बुलाया तो उसका साला लाल उर्फ समीर आया और गालीगलौज कर मंसूर के पेट में चाकू मार दिया।

### जमीन विवाद पर चाचा को डंडा मारा

बरेला थानांतर्गत ग्राम बम्हनी बरेला में कल शेखर पटेल ने जमीन के विवाद पर चाचा कैलाश पटेल के साथ डंडे से मारपीट की। बीचबचाव करने आये कैलाश पटेल के लड़के केशरीनंदन व पत्नी सत्तो बाई के साथ भी आरोपी भतीजे शेखर ने मारपीट की।

**श्रीमती जानकी देवी खामचंदानी-** नर्मदा नगर पोलीपाथर ग्वारीघाट रोड निवासी श्रीमती जानकी देवी खामचंदानी (90) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती माया पटेल-** महेशपुर मदनमहल निवासी श्री सुशील पटेल की धर्मपत्नी श्रीमती माया पटेल (64) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती उमा देवी रजक-** लाल कुआं पोलीपाथर ग्वारीघाट रोड निवासी श्री दशरथ रजक की धर्मपत्नी श्रीमती उमा देवी रजक (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री आशाराम चौधरी-** आईटीआई चुंगी नाका माढ़ोताल निवासी श्री आशाराम चौधरी (71) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार माढ़ोताल मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती रजनी चतुर्वेदी-** रतन नगर कॉलोनी गुप्तेश्वर निवासी श्रीमती रजनी चतुर्वेदी (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री अन्नू चौहान-** नगर निगम क्वाटर राधाकृष्णन वार्ड निवासी श्री अज्जू चौहान के पुत्र श्री अन्नू चौहान (34) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती दुर्गा बाई कोरी-** वीरन तेली गली दीक्षितपुरा निवासी श्रीमती दुर्गा बाई कोरी (33) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री अशोक केवट-** कांचघर श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड निवासी श्री भजन लाल केवट के पुत्र श्री अशोक केवट (40) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री तीरथ चमकेल-** चैतन्य सिटी बिलहरी निवासी श्री तीरथ चमकेल (59) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री भगवान भरोसे अहिरवार-** सिद्धबाबा वार्ड पानी




की टंकी के पास निवासी श्री भगवान भरोसे अहिरवार का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री राहुल चौधरी-** हवाबाग निवासी श्री लल्लू चौधरी के पुत्र श्री राहुल चौधरी (28) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती रजनी कोरी-** भोला नगर राधाकृष्णन वार्ड निवासी श्री पप्पू कोरी की धर्मपत्नी श्रीमती रजनी कोरी (48) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती सुंदर बाई मौर्य-** सोनी मोहल्ला छोटा फुहारा मिलौनीगंज निवासी श्री रमेश मौर्य की धर्मपत्नी श्रीमती सुंदर बाई मौर्य (56) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री जदगीश प्रसाद श्रीवास-** सिद्धबाबा वार्ड रामलीला मैदान के पास निवासी श्री जगदीश प्रसाद श्रीवास (68) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री राजेश कुमार सोनी-** गंजीपुरा निवासी श्री राजेश कुमार सोनी (62) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती उमा कश्यप-** पोलीपाथर निवासी श्री बारे लाल कश्यप की धर्मपत्नी श्रीमती उमा कश्यप (67) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री रितिक चौधरी-** चंडालभाटा चेरीताल निवासी श्री राजू चौधरी के पुत्र श्री रितिक चौधरी (23) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि निजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अन्य साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.
फिक्स साइज:- 8x4 से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
फिक्स साइज:- 8x4 से.मी. रंगीन 400/-
फिक्स साइज 10x8 से.मी. रंगीन 1000/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-0761-4048310, 2757175

# दुबई में बाढ़ के बाद दूसरी आफत, महंगाई ने रुलाया, होटलों का किराया लाखों में

*अबू धाबी। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में लगातार हो रही भारी बारिश के कारण दुबई में लोगों के घरों में पानी घुस गया है। जिसके कारण लोगों को काफी परेशानी हो रही है। ऐसे में अधिकतर लोग घर की बजाय होटल में रह रहे हैं। कुछ दिनों से होटल की डिमांड बढ़ाने के कारण होटलों के एक दिन का किराया आसमान छू रहा है। होटलों में एक दिन का किराया 1 हजार दिरहम से 8 हजार दिरहम के बीच वसूला जा रहा है। यानी भारतीय रुपए के लिहाज से एक दिन के लिए होटल का किराया 22 हजार से लगभग दो लाख रुपए हो गया है।*

**भारतीयों को दूसरी एडवाइजरी : गैर जरूरी यात्रा न करें**

संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की बाढ़ में फंसे भारतीयों नागरिकों के लिए भारतीय दूतावास ने नई एडवाइजरी जारी की गई है। दुबई में जबरदस्त बारिश के बाद परिचालन सामान्य होने तक नागरिकों को गैर-जरूरी यात्राएं करने से बचने की सलाह दी है। दूतावास ने कहा है कि संयुक्त अरब अमीरात के अधिकारी स्थिति को सामान्य करने के लिए 24 घंटे काम कर रहे हैं। इस बीच हवाई अड्डे के अधिकारियों ने सलाह दी है कि यात्री उड़ानों की प्रस्थान तिथि और समय के संबंध में संबंधित एयरलाइन से पुष्ट सूचना मिलने के बाद ही हवाई अड्डे से यात्रा कर सकते हैं।



♦ होटलों की मांग बढ़ने से एक दिन का किराया 22 हजार से 2 लाख रुपए तक

♦ होटल का किराया बढ़ने से पर्यटकों का गड़बड़ाया बजट

**पर्यटकों की बड़ी मुश्किलें**

*हालांकि, शहर भर में बचाव और सफाई के प्रयास जारी रही है। फिर भी बाढ़ से प्रभावित लोगों को रहने के लिए उन्हें होटल में जाना पड़ रहा है। बाढ़ की वजह से वहां के स्थानीय लोगों के साथ-साथ पर्यटकों को भी काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। होटल का किराया बढ़ने की वजह से पर्यटकों के बजट पर भी काफी असर पड़ रहा है। आयरलैंड से आए एक पर्यटक ने कहा कि यह एक डरावनी स्थिति है। लेकिन मुझे लगता है कि व्यवसाय के लिए लोगों की मुश्किलों से लाभ कमाने का प्रयास करना अनैतिक है। अन्यथा यह काफी नैतिक शहर है जिसे कुछ व्यवसायियों की वजह से बदनाम होना पड़ रहा है।*

♦ मंगलवार को भारी वर्षा होने से वहां का जनजीवन हो गया बाधित

♦ यूएई में बाढ़ का पानी घरों में घुस गया, रहने के लिए लोग परेशान

एक आतंकी ने विस्फोट कर खुद को उड़ाया

## पाकिस्तान में अब निशाने पर आए जापानी, हमले में 2 लोगों की मौत

एजेंसी ▶▶ कराची

पाकिस्तान में एक बार फिर विदेशी नागरिकों को निशाना बनाया गया है। कराची के मानसेहरा कॉलोनी में एक वाहन पर आत्मघाती हमला किया गया है। इस वाहन में कुल 7 जापानी लोग सवार थे जिनमें से दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। हमले में ड्राइवर और सिक्यूरिटी गार्ड की मौत हो गई है। पुलिस ने जवाबी कार्रवाई में दो हमलावरों को ढेर कर दिया है। पुलिस ने कहा कि हमले के बाद जापानी नागरिकों को सुरक्षित स्थान पर भेज दिया गया है। अधिकारी ने बताया कि जापानी नागरिक पाकिस्तान सुजुकी मोटर्स में काम करते थे।

**पुलिस की जवाबी कार्रवाई में 2 हमलावर ढेर**



**खुद को उड़ाया**

अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षाकर्मियों ने एक आतंकवादी को मार गिराया, जबकि दूसरे ने वैन के करीब पहुंचने के क्रम में विस्फोट करके खुद को उड़ा लिया। बांकी सभी पांचों जापानी नागरिक सुरक्षित हैं।

**पहले चीनी नागरिकों को बनाया था निशाना**

पाकिस्तान में इससे पहले चीनी नागरिकों को निशाना बनाया गया था। अप्रैल 2022 में कराची में एक बस पर आतंकी हमला किया हया था। इस हमले में तीन चीनी शिक्षकों समेत एक ड्राइवर की मौत हो गई थी। इस हमले की जिम्मेदारी बीएलए ने ली थी। इससे पहले अगस्त 2021 में भी ग्वादर में चीनी नागरिकों को शिकार बनाया गया था। इस हमले में दो बच्चों की मौत हुई थी।

*अमेरिका को बनाया अपना नया घर*

## प्रिंस हैरी ने आधिकारिक तौर पर ब्रिटेन को कह दिया 'अलविदा'

एजेंसी ▶▶ वाशिंगटन

प्रिंस हैरी ने ब्रिटिश शाही परिवार से अलगाव की दिशा में बड़ा कदम बढ़ा दिया है। उन्होंने आधिकारिक तौर पर अमेरिका को अपना नया घर घोषित किया है। पेज सिक्स द्वारा प्राप्त दस्तावेज के अनुसार, ड्यूक ऑफ ससेक्स ने अमेरिका को अपने नए निवास के रूप में सूचीबद्ध किया है। निवास में यह बदलाव 29 जून, 2023 को हुआ। प्रिंस हैरी और उनकी पत्नी मेगन मर्केल ने ब्रिटेन स्थित अपने आवास फ्रॉगमोर कॉटेज को छोड़ दिया था।



**सुरक्षा को लेकर थे चिंतित**

*ऐसी अटकलें हैं कि वह लंदन की आगामी यात्रा के दौरान इस मुद्दे पर स्थिति साफ कर सकते हैं। उन्होंने ब्रिटेन को अपना घर स्वीकार किया है, लेकिन सुरक्षा चिंताओं का हवाला देते हुए अमेरिका जाने की बात कही है। उन्होंने अमेरिकी नागरिकता लेने में रुचि दिखाई है।*

### मिलते-मिलते गई फिलिस्तीन की यूएन में स्थाई सदस्यता

**वॉशिंगटन।** फिलस्तीन को संयुक्त राष्ट्र की पूर्ण सदस्यता प्रदान करने संबंधी प्रस्ताव के खिलाफ संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में अमेरिका ने अपनी 'वीटो' शक्ति का इस्तेमाल करके खेल बिगाड़ दिया है। इससे फिलिस्तीन को संयुक्त राष्ट्र का स्थाई सदस्य बनने से वंचित रह गया। वीटो पॉवर करने की इजराइल ने सराहना की। वहीं फिलस्तीन ने इसे अनुचित और अनैतिक करार देते हुए इसकी आलोचना की है। बता दें कि सुरक्षा परिषद में एक मसौदा प्रस्ताव पर बृहस्पतिवार को मतदान हुआ।



भारत-फिलीपींस के बीच 37.5 करोड़ अमेरिकी डॉलर का हुआ था करार

# भारत से फिलीपींस पहुंची 'ब्रह्मोस' की पहली खेप, चीन की बढ़ी टेंशन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा क्षेत्र में भारत लगातार मजबूत हो रहा है। भारत इसमें एक्सपोर्ट कर रहा है। वहीं अब भारत की सैन्य शक्ति से चीन का पड़ोसी देश फिलीपींस भी प्रभावित है। फिलीपींस ने भारत से सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल ब्रह्मोस खरीदने की इच्छा जताई थी। अब भारत ने ब्रह्मोस मिसाइल की पहली खेप फिलिपींस को भेज दी है।

दोनों देशों के बीच 37.5 करोड़ अमेरिकी डॉलर का करार भी हुआ था। 2 साल पहले यह करार हुआ था और अब ब्रह्मोस मिसाइल की पहली खेप फिलीपींस को सौंपी गई है। इंडियन एयर फोर्स के एक ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट को मिसाइल और लांचर के साथ फिलिपींस रवाना किया गया, जहां वहां इसे उसकी नौसेना को सौंपेगा।

*2 साल पहले भारत-फिलीपींस के बीच करार हुआ था और अब ब्रह्मोस मिसाइल की पहली खेप फिलीपींस को सौंपी गई है।*

- **भारत की सैन्य शक्ति से चीन का पड़ोसी देश फिलीपींस भी प्रभावित**
- **ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट को मिसाइल और लांचर के साथ फिलिपींस रवाना**
- **दूसरे देशों को रक्षा साधन एक्सपोर्ट करने में भारत हुआ सक्षम**
- **रक्षा क्षेत्र में भारत के बढ़ते कदम**

**जनवरी 2022 में हुई थी डील**

भारत और फिलीपींस के बीच यह डील जनवरी 2022 में हुई थी। इस डील के साथ भारत रक्षा क्षेत्र में एक बड़े निर्यातक के तौर पर उभरा है। यह भारत और रूस द्वारा विकसित ब्रह्मोस मिसाइल का पहला एक्सपोर्ट ऑर्डर है। भारत ने 2024-25 तक 35,000 करोड़ रुपए का रक्षा निर्यात लक्ष्य रखा है। भारत का रक्षा निर्यात पिछले वित्त वर्ष में 32.5% बढ़ा है।

**फिलीपींस और चीन के बीच तनाव**

*फिलीपींस और चीन के बीच दक्षिण चीन सागर में लगातार झड़प हो रही है। उसके कारण ब्रह्मोस की डिलीवरी अधिक महत्वपूर्ण हो जाती है।*





**85 देशों को सैन्य समान निर्यात कर रहा है भारत**

*रक्षा मंत्रालय के अनुसार भारत लगभग 85 देशों को सैन्य समान निर्यात कर रहा है और इसमें लगभग 100 स्थानीय कंपनियां शामिल हैं। मिसाइलें, तोपें, रॉकेट, बख्तरबंद वाहन, सुरक्षा गियर, रडार, निगरानी प्रणाली और गोला-बारूद का निर्यात भारत कर रहा है।*

**खबर संक्षेप**

### पूर्व सैनिकों को रूस भेजने वाला पूर्व मेजर गिरफ्तार



**कोलंबो।** पुलिस ने श्रीलंकाई सेना के सेवानिवृत्त मेजर और एक नागरिक को 100 से अधिक पूर्व सैनिकों को रूस भेजने के मामले में संलिप्त होने के आरोप में गिरफ्तार किया है। रूस-यूक्रेन युद्ध में श्रीलंकाई सेना के पूर्व सैनिकों को रूसी सेना में सेवा देने के लिए भेजा गया है। भारत से भी ऐसे कई युवकों को धोखे से रूस की सेना में भर्ती किया गया। श्रीलंका के 100 से ज्यादा पूर्व सैनिक रूस-यूक्रेन युद्ध में दोनों ओर से लड़ रहे हैं।

### स्कॉटलैंड में दो भारतीय छात्रों की झरने में डूबकर मौत



**लंदन।** ब्रिटेन के डंडी विवि में पढ़ रहे भारत के दो छात्र स्कॉटलैंड के एक झरना घूमने गए थे, जहां डूबने से उनकी मौत हो गई। स्कॉटलैंड पुलिस के मुताबिक यह दोनों आंध्र प्रदेश के हैं और इनकी उम्र 20 साल और 26 साल बताई गई है। यह घटना बुधवार रात पर्थशायर में ब्लेयर ऑफ एथोल के पास लिन ऑफ टुमेल में हुई। यहां दोस्तों का एक समूह घूमने के लिए आया था। इस दौरान उनमें से दो लोग पानी में गिर गए।

## यूक्रेन का दावा- रूस का बॉम्बर मार गिराया



*कीव। यूक्रेन ने शुक्रवार को दावा किया कि उसने रूस के स्ट्रेटेजिक बॉम्बर को मार गिराया, लेकिन मॉस्को ने इससे इनकार किया है। मॉस्को के अधिकारियों का कहना है कि टीयू-22एम3 स्ट्रेटेजिक बॉम्बर विमान एक मिशन के बाद आई खराबी की वजह से कम आबादी वाले इलाके में क्रैश हो गया। रूस और यूक्रेन के बीच दो साल से भी ज्यादा समय से युद्ध छिड़ा हुआ है।*

राष्ट्रपति ने दिए जांच के आदेश

## हेलीकॉप्टर दुर्घटना में केन्या के रक्षा प्रमुख सहित 9 की मौत

एजेंसी ▶▶ नैरोबी

केन्या के रक्षा प्रमुख फ्रांसिस ओमोंडी ओगोला की गुरुवार को हेलीकॉप्टर क्रैश में मौत हो गई। उनके साथ हेलीकॉप्टर पर सवार 9 और लोगों की भी जान चली गई। केन्या के राष्ट्रपति विलियम रुटो ने कहा कि केन्या के रक्षा प्रमुख और 9 अन्य शीर्ष अधिकारियों की गुरुवार को देश के एक दूरदराज के इलाके में एक सैन्य हेलीकॉप्टर दुर्घटना में मृत्यु हो गई। इसके लिए एक जांच टीम गठित की गई है और उन्हें एल्गेयो माराकवेट काउंटी में दुर्घटना स्थल पर भेजा गया है। उन्होंने देश में 3 दिन राष्ट्रीय शोक मनाने के आदेश दिए हैं।



**ओगोला प्रशिक्षित लड़ाकू पायलट थे:** बता दें कि 61 वर्षीय ओगोला एक प्रशिक्षित लड़ाकू पायलट थे। वह केवल एक वर्ष के लिए इस पद पर थे, लेकिन जल्द ही उनके सैन्य सेवा के 40 वर्ष पूरे होने वाले थे।

*नासा के खुलासे से दुनिया भर में हड़कंप*

## जल-थल-नभ में ही नहीं अंतरिक्ष में भी तैनात हैं चीन के गुप्त सैनिक



एजेंसी ▶▶ वाशिंगटन

अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने चीन को लेकर एक ऐसा खुलासा किया है, जिसके बारे में जानकर दुनिया भर में हड़कंप मच गया है। नासा प्रमुख बिल नेल्सन ने दावा किया है कि चीन ने अंतरिक्ष में अपने गुप्त सैनिकों की तैनाती कर रखी है। यानि यह चीन की स्पेस मिलिट्री है।

**स्पेस मिलिट्री की ताकत बढ़ाने में लगा**

नासा प्रमुख बिल नेल्सन ने अमेरिकी सांसदों को बताया है कि चीन अंतरिक्ष में सैन्य उपस्थिति है। चीन अपने नागरिक अंतरिक्ष कार्यक्रमों का इस्तेमाल सैन्य कार्यक्रमों को छिपाने के लिए कर रहा है। इसके साथ ही चीन चंद्रमा के संसाधनों पर अपना दावा जता सकता है। नासा के प्रशासक बिल नेल्सन ने कहा कि चीन ने विशेष रूप से पिछले 10 वर्षों में असाधारण प्रगति की है, लेकिन वे बहुत ही गोपनीय हैं।

1999 में हुआ था कारगिल युद्ध, पूर्व कर्नल हुसैन का दावा: कारगिल में घुसपैठ बड़ी विफलता थी

# 'कारगिल युद्ध पाक की बड़ी भूल', हार के लिए पूर्व सैन्य अफसरों ने जताया मलाल

एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद

पाकिस्तान के पूर्व सैन्य अफसरों ने भारत व पाकिस्तान के बीच 1999 में हुए कारगिल युद्ध को अपने देश की एक रणनीतिक भूल करार दिया है। जिसे इसके साजिशकर्ता और पाकिस्तानी सैन्य तानाशाह दिवंगत जनरल परवेज मुशर्रफ ने सफलता की कहानी के रूप में सराहा था।

पूर्व कर्नल अशफाक हुसैन कहते हैं कि कारगिल में घुसपैठ एक बड़ी भूल और विफलता थी। यह पाक के लिए आपदा साबित हुई। इसने भारत व पाक के बीच लाहौर शिखर सम्मेलन समझौते का भी उल्लंघन किया। उन्होंने कहा कि पाकिस्तानी सेना ने इसमें शामिल होने से इनकार कर दिया। यहां तक कि उसने अपने सैनिकों के शवों को भी स्वीकार नहीं किया। बाद में इन शवों को भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा दफनाया गया, जो पाकिस्तानी सेना के लिए अत्यंत अपमानजनक था।



**जानते हुए भी अनजान बने रहे नवाज**

1999 में पाक सेना ने भारतीय सैनिकों से पहले ही कारगिल, द्रास और बटालिक की रणनीतिक दृष्टि से चौकियों पर कब्जा कर लिया था। इसके बाद भारतीय सेनाओं ने अपनी चौकियों को पाने 'ऑपरेशन विजय' शुरू किया। पाक सैन्य अफसरों को उम्मीद थी कि कारगिल की ऊंची चोटियों पर उसके कब्जे से भारतीय सेना सियाचिन से हट जाएगी और अंतरराष्ट्रीय समुदाय स्थिति को सामान्य करने के लिए हस्तक्षेप करेगा।

**कुछ लोगों ने रची थी साजिश**

*साजिशकर्ताओं का मानना था कि यह ऑपरेशन भारत को पीछे हटने और इस्लामाबाद की शर्तों पर कश्मीर विवाद को सुलझाने के लिए बातचीत की मेज पर आने के लिए मजबूर करेगा। एक तरफ पाक को अंतरराष्ट्रीय दबाव का सामना करना पड़ा और दूसरी तरफ चीन ने इस्लामाबाद के मन मुताबिक सहयोग नहीं किया। अंतरराष्ट्रीय समुदाय से समर्थन नहीं मिला। उस समय, जनरल मुशर्रफ ऑपरेशन का नेतृत्व कर रहे थे। उनकी टीम में लेफ्टिनेंट जनरल अजीज खान, कमांडर 10 कोर लेफ्टिनेंट जनरल महमूद अहमद और उत्तरी क्षेत्र मेजर जनरल जावेद हसन शामिल थे।*

**तत्कालीन पीएम नवाज शरीफ को थी पूरी जानकारी**

तत्कालीन प्रधानमंत्री नवाज शरीफ को इसकी जानकारी थी, लेकिन इसके परिणाम का उन्हें अंदाजा नहीं था। शरीफ का विचार रहा होगा कि यदि ऑपरेशन सही चलता है, तो वह कश्मीर के विजेता के रूप में इसे स्वीकार लेंगे। लेकिन योजना पर उनकी सीमित जानकारी और भारत की जवाबी आक्रामक रणनीति का सही आकलन नहीं होने के कारण शरीफ ने घटनाक्रम से अनजान बने रहना पसंद किया। पूर्व कर्नल अशफाक हुसैन कहते हैं, कारगिल ऑपरेशन 1971 के आत्मसमर्पण से भी कहीं बड़ी भूल थी।

**गिने चुने कुछ वरिष्ठ सैन्य अफसरों ने लिया था निर्णय**

मई-जुलाई 1999 के दौरान हुआ कारगिल युद्ध पाक के कुछ वरिष्ठ सैन्य अफसरों का निर्णय था। इन अधिकारियों ने तत्कालीन पीएम नवाज शरीफ को पूरी तरह से विश्वास में नहीं लिया था। ऑपरेशन का मुख्य लक्ष्य कश्मीर और लद्दाख के बीच संपर्क काटना, राष्ट्रीय राजमार्ग-1 को बाधित करना और भारतीय सेना को सियाचिन ग्लेशियर से पीछे हटने को मजबूर करना था।

## संस्कारधानी के हनुमान मंदिरों में तैयारियां शुरू

# चित्रा नक्षत्र और व्रज योग के संयोग में 23 को मनेगी हनुमान जयंती

जबलपुर।

चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि पर यानी 23 अप्रैल को हनुमान जी के प्राकट्य की मान्यता है। इस बार मंगलवार को पूर्णिमा तिथि पर वज्र योग रहेगा। भारतीय ज्योतिष शास्त्र में 27 योग की बात कही गई है। इनमें एक व्रज योग भी है, यह योग धार्मिक अनुष्ठान के लिए विशेष माना जाता है। इस संयोग में संकल्प अनुसार हनुमान जी की पूजा अर्चना करना शुभफलदायी माना गया है।

ज्योतिषाचार्य के अनुसार जन्म कुंडली में मंगल शनि की विपरीत स्थिति हो या मंगल शनि का युति दोष हो अथवा मंगल या शनि की महादशा, अंतर्दशा या प्रत्यंतर दशा हो या फिर मंगल व शनि मार्केश हो उक्त सभी प्रकार के दोषों की स्थिति हनुमानजी की पूजा अर्चना व अनुष्ठान से समाप्त हो जाती है। इसलिए मंगल शनि को अनुकूल बनाने के लिए चैत्र पूर्णिमा



पर उनकी आराधना अवश्य करना चाहिए।

प्रशासन व न्यायिक सफलता के लिए भी करें हनुमंत अनुष्ठानजन्म कुंडली में शनि की साढ़ेसाती, शनि की ढैया, शनि की महादशा या शनि का त्रिकेश संबंध विपरीत अवस्था में दिखाई देता हो, तो ऐसी स्थिति के लिए भी हनुमान जी की साधना विशेष मानी जाती है। प्रशासन से जुड़े सभी कार्य मंगल से संबद्ध होते हैं व न्यायपालिका या न्यायिक कार्यों से जुड़े काम शनि से संबद्ध होते हैं। किसी प्रकार से न्यायिक अवरोध की स्थिति जब होती है तो अनुकूलता के लिए भी हनुमान जी की साधना की जा सकती है। विधिवत व्रत, जाप, नियम व अनुष्ठान करने से हनुमान जी की कृपा प्राप्त होती है।

### यह उपाय करने चाहिए

हनुमान चालीसा का पाठ, हनुमत स्तोत्र, हनुमान वडवानल स्तोत्र, हनुमान साठिका, पंचमुखी हनुमान कवच, एकादशमुखी हनुमान कवच के पाठ यथा विधि श्रद्धा के साथ करने से पारिवारिक सुख, शांति, स्वास्थ्य, सुरक्षा व दीर्घायु की प्राप्ति होती है।

## भारतीय ब्राह्मण एकता मिशन ने जवारा विसर्जन शोभायात्रा का किया स्वागत

**जबलपुर।** जवारा विसर्जन शोभायात्रा गौतम मढ़िया से भव्यता के साथ निकाली गई, भारतीय ब्राह्मण एकता मिशन द्वारा 356 जवारे कलश का तिलक वंदन कर दक्षिणा एव फल प्रदान किया गया, विसर्जन यात्रा में सभी कन्याओं का समिति पदाधिकारी ने पूजन तिलक वंदन कर फल मीठा और बिस्किट का भी वितरण किया। इस कार्यक्रम में भारतीय ब्राह्मण एकता मिशन के सभी पदाधिकारी ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर संजय गौतम, शोभा तिवारी, कल्पना तिवारी, अमित दुबे, प्रशांत गर्ग, उषा तिवारी, शिवानी पांडे, सुषमा, श्रद्धा, शक्ति शुक्ला एवं विश्व हिंदू परिषद के राकेश सिंह व बजरंग दल के विकल खटीक सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन उपस्थित रहे।




## ईडीसी से वंचित कर्मचारियों की ईडीसी जारी की जाए : मांग

**जबलपुर।** जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया की शासन के अदेशानुसार अन्य जिलों से आए कर्मचारियों ने मुख्यालय क्षेत्र की मतदाता सूचि में अपना नाम जुड़वा लिया है और उन्होंने 12 सी फार्म भरकर जमा भी कर दिया है, इसके बाद भी कुछ कर्मचारियों की ईडीसी जारी नहीं हो सकी है, इस कारण वे मतदान से वंचित हो सकते हैं क्योंकि उनका नाम पुराने पते की मतदाता सूचि से हट गया है ऐसे में वे अब ना तो डाक से अपना मत डाल सकते हैं और ना ही पुराने निवास क्षेत्र में अपना मत डाल सकते है। अतः जिला निर्वाचन अधिकारी से विनम्र निवेदन है की ऐसे कर्मचारियों की ईडीसी जारी कर उन्हें उनके बूथ पर या सामग्री वितरण स्थल पर ईडीसी प्रदान की जाए जिससे वे अपना बहुमूल्य मत डाल सकें। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन, राजेश सहारिया, राजकुमार यादव, सुधीर अवधिया, गुडविन चार्ल्स, फिलिप एंथोनी, रऊफ खान, देवेन्द्र भट, सुधीर पावेल, एनोस विक्टर, सुरेन्द्र चौधरी, सन्तोष चौरसिया, राकेश गुप्ता, गोपी शाह, दीपेश जैन, कादरी अहमद अंसारी, आशीष कोरी आदि ने जिला निर्वाचन अधिकारी से ईडीसी प्रदान करने की मांग की है।



## निषाद राज जयंती पर बच्चों की टोली ने पदयात्रा निकाली

**जबलपुर।** निषाद राज जयंती के अवसर पर निषाद राज के नारे लगाते हुए बच्चों की टोली ने पदयात्रा निकाली। टोली में पवन केवट, प्रिंस रैकवार, दीपक रैकवार, पवन रैकवार, रक्षा, पूनम रैकवार, राहुल ने गौरीशंकर निषाद धाम मंदिर निषाद राज भगवान के समक्ष पहुंचकर पूजा पाठ किया। भजन हवन करके आरती करते हुए निषाद राज भगवान का जयकारा लगाकर, इन सभी बच्चों का सम्मान माथे पर तिलक लगाकर श्रीमती नीलम केवट ने किया और मेवा मिठाई, पुलाव, साबूदाना की खिचड़ी का प्रसाद वितरित किया गया।

## रोटरी क्लब ने नव ज्योति नशा मुक्ति केन्द्र को स्मार्ट टीवी प्रदान की

जबलपुर।

रोटरी क्लब जबलपुर साउथ द्वारा अध्यक्ष रोटेरियन रवि वैश्य के प्रयास से एवं पूर्वाध्यक्ष अरुणकांत अग्रवाल के मार्गदर्शन में 18 अप्रेल को नव ज्योति नशा मुक्ति केन्द्र अवधपुरी में वीडियो पिक्चर उपदेश एवं वर्कशॉप में प्रेरणात्मक वीडियो के माध्यम से नशे की लत छुड़ाने हेतु रोटरी क्लब जबलपुर साउथ अध्यक्ष रवि वैश्य, सचिव रोटे. सोनम केशरवानी द्वारा संस्था अध्यक्ष हेमन्त सोलंकी को स्मार्ट टीवी प्रदान की गई। इस अवसर पर




रोटरी क्लब से रोटे. रवि वैश्य, सोनम केशरवानी, अजय चौधरी, मकरंद कुलकर्णी, संस्था से हेमन्त सोलंकी, राजेन्द्र गुप्ता, डॉ. सरकार, श्वेता मिश्रा, नीरज रजक, रश्मि सोलंकी, शिवानी जाटव सहित अन्य सदस्यों की उपस्थिति रही।



## "मतदान का करें प्रयोग, तभी मिलेगी सरकार सुयोग्य" : आईपी एपी

**जबलपुर।** भारत के लोकसभा चुनाव 2024 में प्रथम चरण के मतदान में लोकतंत्र को मजबूत करने के उद्देश्य से इंडियन पीपुल्स अधिकार पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित पुरुषोत्तम तिवारी व राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष श्रीमती अर्चना तिवारी ने मतदान किया। लोकतंत्र के महापर्व पर अपने मत का प्रयोग करते हुए IPAP के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने लोगों से मतदान की अपील की और कहा कि आप सभी अपने मतदान का उपयोग करें, क्योंकि "मतदान का करें प्रयोग, तभी मिलेगी सरकार सुयोग्य"।

## विहिप विवेकानंद प्रखंड ने निकाली श्रीराम शोभायात्रा

जबलपुर।

विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल रानी दुर्गावती जिला विवेकानंद प्रखंड के अंतर्गत राम महोत्सव का कार्यक्रम संपन्न हुआ एवं रामनवमी के शुभ अवसर पर प्रभु श्री राम की शोभायात्रा बड़े ही धूमधाम से निकली गई जो दीक्षित कॉलोनी, आईटीआई, दीनदयाल विभिन्न मार्ग से होते हुए उखरी पहुंची, यहां कार्यक्रम उत्सव पूर्वक संपन्न हुआ। इस बीच प्रांत से रमेश श्रीवास, सचिन शिवहरे, अजय चौरसिया, जिला मंत्री प्रशांत सोंधिया, उपाध्यक्ष गगन यादव, संयोजक राहुल बर्मन, आलोक पटेल, सुभाष श्रीवास,



सुशील सेन, मोहन विश्वकर्मा, दामोदर पटेल, मोहित बर्मन, कार्तिक पटेल, आर्यन सोनी, कृष्णा तिवारी, शशिकांत चौरसिया, दीपांशु यादव, शशांक चडार, आदित्य यादव, अंबिका प्रसाद सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।



महापौर जगतबहादुर सिंह अन्नू ने पत्नी के साथ किया मतदान।



कैबिनेट मंत्री राकेश सिंह ने सपरिवार किया मतदान।



उत्तर मध्य के विधायक अभिलाष पांडेय ने सपरिवार किया मतदान।



जबलपुर लोकसभा कांग्रेस प्रत्याशी दिनेश यादव ने पुत्र सहित किया मतदान।



जबलपुर नगर निगम सभापति रिंकू विज ने पत्नी सहित किया मतदान।



भाजपा के प्रदेश कोषाध्यक्ष सीए अखिलेश जैन ने अपनी धर्मपत्नी श्रीमति वर्षा जैन के साथ मतदान किया।



कटंगी के अंबेडकर वार्ड में विवाह के मंडप से दूल्हा दुल्हन मतदान करने पहुंचे।



जबलपुर लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी आशीष दुबे ने सपत्नीक किया मतदान।




राष्ट्रपति पुरस्कार विजेता, ब्रांड एम्बेसडर, स्वच्छ भारत मिशन, जबलपुर श्रेया खंडेलवाल वोट करने पहुंची।



दंत रोग विशेषज्ञ डॉक्टर चाऊं मतदान के बाद क्लीनिक में लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करते हैं।



मतदान केंद्र पर निगमायुक्त निरीक्षण हुई